# पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर (छ.ग)

# अधिष्ठाता छात्र कल्याण

*Phone No. 0771-2262619 Website : prsu.ac.in,E-mail – dswprsu@gmail.com*

क्रमांक / 24 /अ.छा.क./2025 रायपुर, दिनांक 02/09/2025

प्रति,

समस्त प्राचार्य/अध्यक्ष,
समस्त महाविद्यालय/अध्ययनशाला,
पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,
रायपुर (छ.ग.)

**विषय–** क्विज, भाषण प्रतियोगिता एवं ग्रुप डिस्कशन प्रतियोगिता आयोजन बाबत।

––00––

महोदय/महोदया,

विषयान्तर्गत अधिष्ठाता छात्र कल्याण विभाग, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, द्वारा आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर के पत्र क्रमांक 830/238/आ.उ.शि./ग्रु.प्र./2025 नवा रायपुर दिनांक 17.07.2025 के अनुक्रम में छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में राज्य के 25 वर्षों की यात्रा को प्रदर्शित करते हुए विशेष सप्ताह दिनांक 05.09.2025 से 12.09.2025 तक रजत जयंती समारोह के तहत क्विज, भाषण प्रतियोगिता एवं ग्रुप डिस्कशन विश्वविद्यालय से संबद्ध समस्त महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं के लिए दिनांक 10.09.2025 को निम्नानुसार प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है–

| स.क्र. | प्रतियोगिता का नाम | स्थान | दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1. | क्विज प्रतियोगिता | शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला सेमीनार हॉल | 10.09.2025 समय प्रातः 08:30 से 10:30 बजे तक |
| 2. | भाषण प्रतियोगिता | शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला सेमीनार हॉल | 10.09.2025 समय प्रातः 11:30 से |
| 3. | ग्रुप डिस्कशन | शारीरिक शिक्षा अध्ययनशाला सेमीनार हॉल | 10.09.2025 समय दोपहर 02:00 से 04:00 बजे तक |

**टीप–भाषण प्रतियोगिता के लिए एक न्यूनतम 4 मिनट एवं अधिक्तम 5 मिनट का समय निर्धारित है।**

उक्त चयन–स्पर्धा में भाग लेने वाले प्रतिभागियों की समस्त प्रविष्टियां दिनांक **08.09.2025 सायंकाल 4:00 बजे तक** प्राचार्य/अध्यक्ष, महाविद्यालय/अध्ययनशाला के माध्यम से अधिष्ठाता छात्र कल्याण कार्यालय, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में प्रेषित किया जाए।

चूंकि प्रतिभागीगणों की प्रविष्टियां महाविद्यालय/अध्ययनशाला के माध्यम से प्रत्यक्ष रूप से प्राप्त होती है तथा एक प्रतिभागी को एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता है। कृपया अपने महाविद्यालय/अध्ययशाला से उपरोक्त प्रतियोगिता मे सम्मिलित होने के लिए प्रत्येक प्रतियोगिता में एक–एक प्रतिभागी का नाम भेजा जाए।

02/09/25

कुलसचिव

पृ. क्रं./ 25 /अ.छा.क./2025 रायपुर, दिनांक 02 /09/2025

प्रतिलिपिः–

1. आयुक्त उच्च शिक्षा संचालनालय, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर की ओर सादर सूचनार्थ।
2. कुलपति के सचिव/कुलसचिव के निजी सहायक, पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर की ओर सूचनार्थ ।

अधिष्ठाता छात्र कल्याण

**क्विज़ प्रतियोगिता का विषय - छत्तीसगढ़ का इतिहास, संस्कृति और भौगोलिक पृष्ठभूमि**

**1. क्विज़ प्रतियोगिता के नियम:-**

1. प्रत्येक अध्ययनशाला एवं महाविद्यालय से केवल 1 प्रतिभागी ही भाग ले सकता है।
2. सही उत्तर पर 10 अंक दिए जाएंगे।
3. गलत उत्तर पर कोई अंक नहीं काटा जाएगा।
4. प्रत्येक प्रश्न का उत्तर देने के लिए अधिकतम 30 सेकंड दिए जाएंगे।
5. अगर कोई प्रतिभागी सही जवाब नहीं दे पाता है तो दूसरे प्रतिभागी को वही सवाल पास किया जाएगा ।
6. अगर दूसरा प्रतिभागी सही जवाब देता है तो उसको बोनस के रूप में 5 अंक दिया जाएगा। लेकिन उस सवाल का जवाब दूसरे प्रतिभागी को 15 सेकेंड के अंदर देना होगा।
7. मोबाइल फोन, किताबें या नोट्स आदि का उपयोग नहीं किया जा सकता।
8. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा।

**2. समूह चर्चा प्रतियोगिता के नियम:-**

1. प्रत्येक अध्ययनशाला एवं महाविद्यालय से केवल 1 प्रतिभागी ही भाग ले सकता है।
2. प्रतियोगिता का विषय आयोजक समिति द्वारा निर्धारित किया जाएगा।
3. भाषा: चर्चा की अनुमति हिंदी या अंग्रेजी में रहेगी।
4. प्रतियोगिता से 1 घण्टा पूर्व प्रतियोगिता स्थल पर उपस्थित होना अनिवार्य है।
5. प्रतियोगिता का विषय एक घण्टा पूर्व दिया जाएगा।
6. प्रतियोगिता में सभी को अपने विचार रखने हेतु अधिकतम 10 मिनट का समय दिया जाएगा।
7. मूल्यांकन - विषय कि समझ,तर्कशक्ति, भाषा,संवाद कौशल, शिष्टाचार और आत्मविश्वास पर आधारित होगा।
8. प्रतियोगिता में मोबाइल या लिखित सामग्री का उपयोग करना वर्जित है।
9. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा।

**3. भाषण प्रतियोगिता का विषय:- छत्तीसगढ़ की संस्कृति और परंपराओं का महत्व**

1. भाषा: हिन्दी अथवा अंग्रेज़ी।
2. प्रत्येक प्रतिभागी को अधिकतम 5 मिनट का समय दिया जाएगा।
3. प्रतिभागियों को समय सीमा का पालन करना अनिवार्य होगा।
4. भाषण प्रतियोगिता में मोबाइल या लिखित सामग्री का उपयोग करना वर्जित है।